<table>
<tr>
<td>तारीख हुक्म</td>
<td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज

रामकिशोर गोलिया

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार पीपाड़ शहर)

सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353784453364148</td>
<td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td>
</tr>
<tr>
<td>21 / 05 / 26</td>
<td>अपीलार्थी रामकिशोर गोलिया निवासी गोलियों की ढ़ाणी, चौकड़ी खुर्द, पीपाड़ शहर, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 27.03.2026 जिला कलक्टर जोधपुर के आदेश क्रंमाक प 12 (3) राज / आंवटन / 22 / 4018 दिनांक 09.05.2022 पशु चिकित्सालय उपकेन्द्र के भूमि आंवटन ग्राम पंचायत सियारा के राजस्व ग्राम चौकड़ी खुर्द के म्यूटेशन की प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) ने अपनी रिपोर्ट दिनांक 07.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की कार्यालय पत्र दिनांक 07.05.2026 द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना से संबंधित दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने के संबंध में अवगत करवाया जा चुका है।

अतः उपरोक्त रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(आलोक रंजन)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td>
<td></td>
</tr>
</table>

RajKaj Ref No.:
22378406
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.21 17:02:54 IST
Reason: Approved